**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**16.09.2025 9.20 बजे**

**सेवा पर्व**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन मंत्र से अभिप्रेरित सरकार प्रगति और परिवर्तन के लिए लगातार काम कर रही है। विशेष श्रृंखला सेवा पर्व में आज नवीकरणीय और स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में सकारात्मक बदलावों के लिए नरेन्द्र मोदी सरकार के कार्यों का उल्लेख किया जा रहा है।

**स्वच्छता सेवा अभियान**

इस बीच स्वच्छता ही सेवा अभियान कल से शुरू होने जा रहा है। नई दिल्ली में कल केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने घोषणा की कि इस वर्ष यह अभियान स्वच्छता उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान, देश भर में बड़े पैमाने पर स्वच्छता गतिविधियाँ चलाई जाएँगी।

**आयकर रिटर्न**

केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने आकलन वर्ष 2025–26 के लिए आयकर रिटर्न भरने की अंतिम तिथि एक दिन बढ़ाने का निर्णय लिया है। अब रिटर्न आज रात 12 बजे तक भरे जा सकेंगे। आयकर विभाग ने कल देर रात सोशल मीडिया पोस्टज में यह जानकारी दी। आयकर रिटर्न भरने की अंतिम तिथि मूल रूप से 31 जुलाई थी, जिसे बढ़ाकर 15 सितम्बर किया गया था। आयकर विभाग ने बताया था आकलन वर्ष 2025–26 के लिए सात करोड़ से अधिक रिटर्न भरे जा चुके हैं।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों कांगड़ा, मंडी, चंबा, कुल्लू व शिमला सहित अन्य क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश का समाचार है। राज्य में जगह–जगह भू–स्खलन और पेड़ गिरने से कई सड़क मार्ग अवरूद्ध हैं वहीं करोड़ो रूपये की संपत्ति के नुकसान का अनुमान है। मंडी जिले के धर्मपुर क्षेत्र में देर रात भारी बारिश और बादल फटने की घटना ने भयंकर तबाही मचाई। अधिक जानकारी के साथ हमारे मंडी जिला संवाददाता...

इस बीच ताजा जानकारी के अनुसार धर्मपुर की निहरी तहसील में भू स्खलन की चपेट में आने से 3 की मृत्यु होने का समाचार जिसमें 2 महिलाएं व एक आठ माह का बच्चा शामिल है जबकि दो अन्य को मलबे से सुरक्षित निकाल लिया गया है।

इस मॉनसून सीज़न के दौरान अत्याधिक बारिश व भूस्खलन से जुड़ी घटनाओं में प्रदेश में अब तक 4 सौ 9 लोगों की मृत्यु हुई है, जबकि 41 लोग अभी भी लापता हैं। भूस्खलन के चलते 3 राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित 4 सौ 90 सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध हैं। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी और सिरमौर के कुछ क्षेत्रों में भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया है। जबकि अन्य ज़िलों में कहीं–कहीं हल्की वर्षा की संभावना जताई गई है।

**सुर्खियां समाचार पत्रों से.....**

**अमर उजाला** और **दैनिक जागरण** ने खबर को **लगभग एक जैसा शीर्षक दिया है हिमाचल समेत पूरा हिमालयी क्षेत्र खतरे में, पारिस्थितिकी असंतुलन पर 23 को आदेश पारित करेगा**

मंत्रिमंडल के निर्णय से जुड़ी खबर को **पंजाब केसरी** ने शीर्षक दिया है **3 हजार 700 पदों पर होगी भर्ती, एक हजार 602 बिजली उपभोक्ता मित्र रखे जाएंगे। अमर उजाला** के शब्द हैं **हिमाचल में सरकारी नौकरी का मौका विभिन्न श्रेणियों के 4 हजार 219 पद भरेंगे।**

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते है सुबह 11 बजे। नमस्कार......

————————————